# कार्यालय नगर निगम सहारनपुर।

## सहारनपुर नगर निगम सम्पत्ति अनुभाग
## ई–निविदा

पत्रांकः 688 /सम्प0अनु0/न0नि0सहा0/2025–26 दिनांक : 19-8-2025

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है, कि नगर निगम सहारनपुर में प्रत्येक वर्ष की भांति उत्तर भारत का सुप्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक मेला गुघाल(अम्बाला रोड पुल के नीचे) मेला म्हाडी (गंगोह रोड मानकमऊ) हेतु मेला म्हाडी 02.09.2025 से 04.09.2025 तक (कुल 03 दिन) व मेला गुघाल दिनांक 05.09.2025 से 24.09.2025 तक (कुल 20 दिन) के लिये ई–निविदा आमन्त्रित की जा रही है, ऑफरदाता ऑनलाईन टैण्डर प्रकिया में भाग ले सकते हैं–

| क्र0 सं0 | पत्रांक संख्या | ठेके का नाम | जमानत राशि/धरोहर राशि | हैसियत प्रमाण पत्र | गत वर्ष 2024 में जमा धनराशि (जी0एस00टी0 सहित) | वर्ष 2025 हेतु न्यूनतम ऑफर धनराशि (जी0एस0टी0 सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | NZ7 | मेला गुघाल | 33,79,000/– | 50 लाख | 3,07,80,360/– | 3,07,80,360/– |
| 2 | NZ8 | मेला म्हाड़ी | 3,02,000/– | 10 लाख | 30,11,100/– | 30,11,100/– |

नोट 1– प्रत्येक ठेके के निमित्त जी०एस०टी० रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड, आधार कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र व शपथ पत्र (फोटो सहित) जिसमें यह अंकित हो कि शपथकर्ता किसी संस्था का बकायेदार नहीं है, और न ही कभी ब्लैक लिस्टेड हुआ है, 03 वर्ष का मेला लगाने का अनुभव व मेला गुघाल हेतु तीन साल की टर्नऑवर(औसतन 01 करोड रू0) ठेके में निर्धारित टैण्डर राशि व जमानत राशि ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ही जमा करनी होगी, निविदा के साथ संलग्न करने होंगे।

2– ठेके से संबंधित सभी शर्तें सम्पत्ति अनुभाग में देखी/पढी जा सकती है, व सूचना व शर्तें नगर निगम की वेबसाईट www.saharanpurnagarnigam.com पर भी उपलब्ध है।

3– ठेका बिना कारण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम सहारनपुर में निहित होगा।

4– जिन ठेकेदारों द्वारा गत वर्षों के ठेके की समस्त धनराशि नगर निगम कोष में जमा नही करायी गयी है, उनका ऑफर मान्य नही होगा, तथा जिन ठेकेदारों को नगर निगम द्वारा डिफाल्टर घोषित/ब्लैकलिस्टेड किया हुआ है, वह भी नीलामी में भाग नही ले सकेगें।

5– ऑनलाईन निविदा दिनांक 22.08.2025 को अपरान्ह् 12:00 बजे तक ऑनलाईन के माध्यम डाली जायेगी, एवं तद्दिनांक को सायं 02:00 बजे निविदा/नीलामी गठित समिति एंव निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी।

6– टैण्डर शुल्क सभी ठेकों में अंकन 1298/– रू0 (जी0एस0टी0 सहित) देय होगा।

कर अधीक्षक
नगर निगम सहारनपुर।

मा0 महापौर महोदय की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–नगर आयुक्त महोदय को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2–प्रभारी निरीक्षक, थाना कुतुबशेर को उपरोक्त तिथि में पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराने हेतु।

3–प्रभारी मीडिया, को इस आशय से प्रेषित कि उक्त निविदा सूचना का प्रकाशन (सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा स्वीकृति दरों पर) रोस्टर के अनुसार दो समाचार पत्र दैनिक जागरण एवं दैनिक सरोहा बुलेटिन पत्र में कम से कम स्पेस में, नौ फांट में, प्रकाशित कर, बिल 3 प्रतियों सहित भुगतान हेतु प्रस्तुत करें। यदि आपके समाचार पत्र द्वारा उक्त निर्देश का उल्लंघन किया जाता है, तो आपके बिल से कटौती कर भुगतान किया जायेगा, अथवा बिल का भुगतान बाधित किया जा सकता है। जिस हेतु कोई क्लैम मान्य नही होगा।

4–रिकार्ड कीपर को निविदा की व्यवस्था कराने हेतु।

5–नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

Digitally signed by
Sudhir Kumar Sharma
Date: 19-08-2025
19:16:04

कर अधीक्षक
नगर निगम सहारनपुर।